# सोने-चांदी के दलाल से लूट मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

**अजमेर, (कासं)।** कोतवाली थाना पुलिस ने सोने-चांदी के दलाल से लाखों रुपए की लूट के मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 4 लाख रुपए की नगदी बरामद की गई है। पुलिस गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों से मामले में पूछताछ कर रही है। मामले का खुलासा पुलिस उपाधीक्षक छवि शर्मा के द्वारा किया गया था।



पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से मामले में पूछताछ कर रही है।

मंगलवार को पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय में सीओ छवी शर्मा ने बताया कि 15 जनवरी 2023 को कोतवाली थाना क्षेत्र के गोल प्याऊ के पास सोने-चांदी के दलाल से साढ़े 6 लाख रुपए राशि से भरा बैग बाइक सवार 2 बदमाश छीनकर फरार हो गए थे। मामले में पीड़ित दलाल के द्वारा शिकायत दर्ज करवाई गई थी। शिकायत के आधार पर थाना प्रभारी सुधीर शर्मा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया और कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

सीओ छवी शर्मा ने बताया कि टीम के द्वारा अलग-अलग स्थानों पर लगे सीसीटीवी खंगाले गए और आरोपियों के रूट की जानकारी ली गई। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जिला नागौर निवासी रवि कुमार प्रजापत (24) पुत्र तुलसीराम, सूरज सैनी (22) पुत्र किशोर सैनी, जिला अजमेर निवासी सौरभ उर्फ सूरज (22) पुत्र मनोहर लाल, दिलखुश उर्फ दिल्लू (22) पुत्र बजरंग लाल सहित जिला नागौर निवासी अनिल सांमरिया (22) पुत्र पुखराज सांमरिया को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपी वारदात के बाद अलग-अलग जिलों में जाकर

■ आरोपियों से चार लाख रुपए बरामद

छुप कर बैठे थे। आरोपियों के कब्जे से 4 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। अन्य बरामदगी को लेकर आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी सुधीर कुमार शर्मा ने बताया कि वारदात में मुख्य आरोपी रवि कुमार प्रजापत है। जो कि जिला नागौर का रहने वाला है। आरोपी रवि को जल्दी अमीर होने व अपने ऊपर कर्ज को चुकाने के लिए आपराधिक वारदात करने की फिराक में था। रवि को पूर्व से ही जानकारी थी कि अशोक कुमार जैन दलाली का काम करता है। जो अपने व्यापार में बड़ी संख्या में नगदी राशि का व्यापारियों से लेनदेन करता है। जिसके बाद रवि ने आसपास के रहने वाले अपने दोस्तों के साथ लूट की योजना बनाई और वारदात को अंजाम दिया।

## चेक अनादरण में दोषी को एक साल की सजा

**अजमेर, (कासं)।** चैक अनादरण के एक मामले में मंगलवार को विशिष्ठ न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपेन्द्र कुमार मीणा ने अभियुक्त विप्लव गोयल को दोषी मानते हुए एक साल के कारावास की सज़ा सुनाई और पीड़ित परिवादी को चार लाख रुपए अदा करने का आदेश दिए।

परिवादी के वकील अमित गांधी ने बताया कि परिवादी शिव कुमार ने उनके जरिये अदालत में परिवाद पेश किया था, जिसमें बताया कि सावित्री चौराहा स्थित कृष्णा ज्वेलर्स के मालिक विप्लव गोयल पुत्र राजकुमार गोयल ने परिवादी से तीन लाख रुपए उधार लिए,

■ पीड़ित को चार लाख रुपए अदा करने के दिए आदेश

उधार ली गई राशि चुकाने की एवज़ में गोयल ने परिवादी शिव को तीन लाख रुपए का चैक देते हुए भरोसा दिलाया कि चैक बैंक में लगाने पर रकम मिल जाएगी, लेकिन जब परिवादी ने चैक अपने बैंक में लगाया तो बैंक खाते में पर्याप्त राशि नहीं होने के कारण चैक अनादरित हो गया।

परिवादी ने अभियुक्त को वकील का नोटिस दिलाकर अनादरित चैक की राशि अदा करने को कहा, लेकिन अभियुक्त ने परिवादी को राशि अदा नहीं की। अदालत के समक्ष अभियुक्त ने तर्क दिया कि सट्टे में हार जाने के कारण उसने परिवादी को सिक्युरिटी पेटे चैक दिया था। अभियुक्त साक्ष्य सफाई के लिए भी अदालत में हाजिर नहीं हुआ, जिस पर विशिष्ठ न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपेंद्र कुमार ने अभियुक्त को चैक अनादरण का दोषी मानते हुए एक साल के कारावास की सजा सुनाई और पीडित को चार लाख रुपए की राशि मय खर्चे के अदा करने के आदेश दिए।

## जयंती मनाई

**बिजयनगर, (निसं)।** प्रजापति समाज की आराध्य देवी माता श्री यादे की मां की जन्म जयंती श्री यादे दक्ष प्रजापति विकास समिति के तत्वाधान में मनाई गई।


### आम सूचना

मेरी पत्नी जैतून निवासी गांव कुचील की मृत्यु दिनांक 10 जून 1999 को निवास स्थान पर हो गई, इनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये तहसील कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है, इस संबंध में किसी को आपत्ति हो तो 7 दिवस में अपनी आपत्ति तहसीलदार किशनगढ़ (अजमेर) के समक्ष दर्ज कराये, बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

-प्रार्थी कमरुदीन पुत्र पीर खां निवासी गांव कुचील तहसील किशनगढ़


## कपकपाती ठंड से धूजणी छूट

**पुष्कर, (निसं)।** पुष्कर में मंगलवार को मौसम ने अचानक करवट बदल लेने से सूर्य देवता दिन भर बादलों की आगोश में रहने से कपकपाती ठंड के कारण लोगों के धूजणी छूट रही है। लोगों ने सुबह व शाम को सर्दी से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे है। अब बढ़ती सर्दी के कारण दिनभर लोगों को ठिठुरन का अहसास हो रहा है तथा कपकपी छूटने लग गई। सुबह और शाम को सर्दी के कारण बाजार भी सुनसान नजर आ रहे है। लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते नजर आ रहे है। सुबह 10 बजे तक ओर शाम को 6 बजे बाद बाजार सुनसान नजर आ रहे है।


### कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर/नगर विकास न्यास, अजमेर के ग्राम घूघरा में खसरा संख्या 398 का पट्टा क्रमांक 2148 दिनांक 28/01/2002 को हरबन्स लाल डोगरा पुत्र श्री जुल्फीराम डोगरा, जाति डोगरा, निवासी प्लॉट नं. 25, शुभम कॉलोनी, कायड़ रोड, घूघरा अजमेर के नाम जारी किया गया था। उन्होंने उक्त भूखण्ड का विक्रय जरिये बहैसियत मुख्त्यारनामा आम श्री रमन कुमार पुत्र श्री हरबंश लाल डोगरा, जाति डोगरा, निवासी प्लॉट नं. 28, कायड़ रोड़, शुभम कॉलोनी, ग्राम घूघरा तहसील व जिला अजमेर को अजमेर के नोटेरी पब्लिक श्री बी.एस.राठौड़ के उनके रजिस्टर्ड क्रमांक 407 दिनांक 30/01/2018 को निष्पादित कर चस्पा किया गया था अर्थात जरिये मुख्त्यारनामा आम के आधार पर स्वयं ने स्वयं के नाम से एक विक्रय पत्र उपपंजीयक कार्यालय, अजमेर (प्रथम) की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 2044 पृष्ठ संख्या 200 क्रम संख्या 202003001100686 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 5171 के पृष्ठ संख्या 945 से 506 पर दिनांक 03/02/2020 को पंजीयन कर चस्पा किया। यह कि श्री रमन कुमार पुत्र श्री हरबंश लाल डोगरा द्वारा इनके मूल 1-लीज डीड (पट्टा), 2- मूल मुख्तयारनामा आम एवं 3- मूल विक्रय पत्र तीनों सम्पूर्ण दस्तावेज खो गये है। जिसकी गुमशुदा रिपोर्ट नम्बर LR NO. 1643107/2022 दिनांक 26/11/2022 को थाने में करा दी गई थी। श्री रमन कुमार पुत्र श्री हरबंश लाल डोगरा द्वारा शपथ पत्र व गुमशुदगी रिपोर्ट प्रस्तुत कर अवगत कराया कि मूल 1- लीज डीड (पट्टा), 2- मूल मुख्त्यारनामा आम एवं 3- मूल विक्रय पत्र दस्तावेज गुम हो गये है। अत: खसरा नं. 398 राजस्व ग्राम घूघरा का फ्री होल्ड पट्टा श्री रमन कुमार पुत्र श्री हरबंश लाल डोगरा, जाति डोगरा, निवासी प्लॉट नं. 28, कायड़ रोड़, शुभम कॉलोनी, ग्राम घूघरा तहसील व जिला अजमेर के पक्ष कार्यालय अ.वि.प्रा. द्वारा जारी किये जाने से किसी को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर देवें। उक्त नियत अवधि के पश्चात आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं फ्री होल्ड का पट्टा जारी कर दिया जायेगा। नियमन प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर



### नाम परिवर्तन

मैंने मेरा नाम अमित रील से बदलकर अमित कुमार रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। अमित कुमार, अनुग्रह 333, पृथ्वीराज नगर, यू.आई.टी कॉलोनी, भगवानगंज, अजमेर



### कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की कोटड़ा योजना के आवासीय /व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 20 A खसरा नं. 168 क्षेत्रफल 317.67 वर्गगज के आवंटी /अन्तरिति स्व. श्री लालचन्द हेमनानी पुत्र श्री ठाकुर दास हेमनानी निवासी सुन्दर नगर कोटड़ा अजमेर की मृत्यु दिनांक 8-5-05 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट संलग्न कर मृतक के वारिसों क्रमश (1) श्रीमती कमला हेमनानी पत्नि स्व. श्री लालचन्द (2) हरीश कुमार हेमनानी पुत्र स्व. लालचन्द हेमनानी (3) नारायण हेमनानी पुत्र स्व. श्री लालचन्द हेमनानी (4) भगवान दास हेमनानी पुत्र स्व. लालचन्द हेमनानी 20 A सुन्दर नगर कोटड़ा पुष्कर रोड अजमेर (5) श्रीमती ममता देवी उर्फ ममता आडवानी पुत्री स्व. लालचन्द हेमनानी पत्नि मुकेश आडवानी रेल्वे स्टेशन के पास लाडनूं नागौर (राज.) द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्री भगवान दास हेमनानी पुत्र स्व. श्री लालचन्द हेमनानी निवासी 20 A सुन्दर नगर कोटड़ा पुष्कर रोड अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 21-12-22 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर


## संक्षिप्त

### रामलाल जांगिड़ अध्यक्ष बने



रामलाल जांगिड़

**मदनगंज-किशनगढ,** (निसं)। अ.भा.जांगिड ब्राह्मण महासभा शाखा सभा किशनगढ के त्रिवार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर रामलाल जांगिड़ ने जीत हासिल की। चुनाव अधिकारी के अनुसार आजाद नगर स्थित जांगिड भवन में अध्यक्ष पद को लेकर हुए मतदान के दौरान 263 मतदाताओं ने मतदान किया। घोषित परिणाम में रामलाल ने अपने निकततम प्रतिद्वंदी उम्मीदवार को 15 मतो से शिकस्त देकर जीत दर्ज कराई। इस दौरान रामावतार लोयंडीवाल, कैलाश चंद रोजास, रामस्वरूप खजवानिया, प्रकाश जांगिड़, भंवरलाल गोढडीवाल, भागचंद गोढडीवाल, नंदकिशोर भावडेल, आनंद लोयंडीवाल, गणेश जांगिड़ काचरिया, अशोक रूलेठिया, गोपाल गोढडीवाल, भागचंद नांगल, सुरेश गोढडीवाल, एडवोकेट मदनलाल जांगिड़ सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित रहे।

### शबाना नेशनल बैडमिंटन में चयनित



शबाना मंसूरी

**ब्यावर (निसं)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जोहर खेडा की शारीरिक शिक्षिका शबाना मंसूरी लगातार तीसरे वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेगी। अखिल भारतीय सिविल सेवा बैडमिंटन प्रतियोगिता 2022-23 के लिए उनका चयन हुआ है। वह 31 जनवरी से 6 फरवरी तक केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीडा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा गांधीनगर गुजरात में आयोजित होने वाली बैडमिंटन प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगी। गौरतलब है की राजधानी जयपुर के जयपुर स्पोर्ट्स एकेडमी मे आयोजित ट्रायल के बाद शबाना का चयन राजस्थान की टीम में किया गया है।

### अशोक पाटनी ने मनाया जन्मदिन



अशोक पाटनी

**मदनगंज-किशनगढ,** (निसं)। आर के मार्बल ग्रुप चेयरमैन जैन गौरव अशोक पाटनी ने आचार्च वर्धमान सागर महाराज से आशीर्वाद लेकर अपना जन्मदिन मनाया। सुबह से ही प्रदेशभर से राजनेताओं, स्थानीय जनप्रतिनिधि, व्यापारी, गणमान्य नागरिकों व शुभचिंतकों द्वारा जन्म दिवस पर शुभकामनायएं देने का सिलसिला जारी रहा। जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में पहुंचने पर जैन समाज के लोगों ने पाटनी को जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी। पाटनी परिवार ने आचार्य वर्धमान सागर महाराज को श्रीफल भेट कर आचार्य चक्रवती शांति सागर महाराज के चित्र का अनावरण किया।

### अवनि चौहान का सम्मान

**परबतसर, (निसं)।** नेशनल चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर स्कूल परबतसर की छात्रा अवनि चौहान पुत्री अनीश चौहान एडवोकेट को 10वीं माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा में 97प्रतिशत अंक प्राप्त कर परबतसर ब्लॉक में प्रथम आने पर सम्मानित किया गया।

## स्वेटर पाकर बच्चे खुश नजर आये

**ब्यावर, (निसं)।** शहर के सामाजिक संगठनों और भामाशाहों ने ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में पढने वाले ज़रूरतमंद बच्चों को स्वेटर,मोज़े आदि देकर काफी राहत दी है।

इसी क्रम में शहर के मिनरल व्यवसायी और समाज सेवी भामाशाह कैलाश जैन ने अपनी मंशा ज़ाहिर की जिस पर जवाजा पंचायत समिति के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुरा दूदा में प्रथम दौर प्रारम्भ करते हुए कक्षा प्रथम और द्वितीय में पढने वाले नन्हे मुन्ने छात्र छात्राओं को स्वेटर वितरित किये गए। अपने हाथों में स्वेटर पाकर बच्चे बहुत खुश नज़र आ रहे थे और दबी आवाज़ में थैंक यू भी बोल रहे थे।

विद्यालय में आयोजित लघु कार्यक्रम में प्रिंसिपल आशा संत ने भामाशाह कैलाश जैन का पुष्पहार देकर स्वागत किया और राजेंद्र टेलर ने पीएलवी संजय सिंह गहलोत का माला पहनाकर स्वागत किया। स्वेटर वितरण के कार्य के चलते प्रिंसिपल आशा संत से भामाशाह कैलाश जैन का आभार जताया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ लक्ष्मी सोनी, विमला जांगीड,कानाराम प्रजापति, अनिल कुमार अग्रवाल, गोपीलाल, प्रेमलता, नरेंद्र सिंह चौहान आदि उपस्थित थे।



ब्यावर शहर के सामाजिक संगठनों और भामाशाहों ने विद्यालयों में पढने वाले बच्चों को स्वेटर, मोज़े आदि देकर काफी राहत दी है।

**मदनगंज-किशनगढ में विद्यार्थियों को 40 स्वेटर वितरण :-** सद्भावना सेवा ट्रस्ट किशनगढ शाखा अध्यक्ष शंभू सिंह चोरडिया के सहयोग से राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय काचरिया में जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को 40 स्वेटर वितरण किये। समाजसेवी शंभू सिंह चोरडिया ने बताया की जरूरतमंद बच्चों की सेवा में सदैव तत्पर रहकर पुनीत कार्य में भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

गोविंद पाटोदिया ने भी अपने विचार व्यक्त किये। समारोह में विष्णु मेघवंशी, मगनीराम जाट, जगदंबा फ्रेंडस क्लब काचरिया संयोजक रंगलाल जाट, महासचिव जगदीश गुर्जर, सुमेर गुर्जर, हेमराज जाट, रामलाल जाट, महावीर मेघावंशी, श्योराम मेघवंशी, सुरज, ओबीसी युवा मोर्चा महामंत्री हीरालाल जांगिड़, हेमराज जाट, मोतीराम जाट के अलावा प्रधानाध्यापिका प्रियंका, मनीष शर्मा, अनूप शर्मा, पूजा, प्रियंका, तारा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## हादसों में तीन की मौत

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के आसींद थाना क्षेत्र में एक किसान की कीटनाशक दवा के प्रभाव से और दो युवकों की सडक हादसे में मौत हो गई। वहीं दो बहनें भी एक अन्य हादसे में घायल हो गई। संबंधित पुलिस इन घटनाओं की जांच कर रही है। आसींद थाना पुलिस ने बताया कि लाछूडा निवासी श्यामलाल (48) पुत्र मोहन लाल लुहार मंगलवार सुबह खेत में कीटनाशक दवा का छिडकाव कर रहा था। कीटनाशक दवा से निकली विषैली गैस श्वांस के जरिये श्यामलाल के शरीर में प्रवेश कर गई। इससे वह अचेत हो गया। श्यामलाल को परिजन आसींद अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी थाना क्षेत्र के मोखमपुरा व देवपुरा चौराहों के बीच भीलवाडा की ओर से आई ईको कार ने गलत दिशा में जाकर बाइक सवार देवपुरा निवासी मुकेश (20) पुत्र लादू रैगर को टक्कर मार दी। हादसे में मुकेश की मौत हो गई। बामणी चौराहे के पास ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार कमलेश गुर्जर की मौत हो गई।

## एडीएम को ज्ञापन सौंपा

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान सरकार के कर्मचारियों को एनपीएस फंड की जमा राशि का भुगतान करने की मांग को लेकर मंगलवार को राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के सदस्यों द्वारा केंद्रीय वित्त मंत्री के नाम का ज्ञापन अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह को सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया की 1 जनवरी 2004 के पश्चात राजस्थान सरकार की ओर से नियुक्त राज्य कर्मचारियों को 1 अप्रैल 2022 से पुरानी पेंशन योजना के अंतर्गत शामिल कर लिया गया है। नवीन पेंशन योजना से पुरानी पेंशन योजना में समाहित हो जाने के कारण कार्मिकों के वेतन से एनपीए अंशदान की कटोती भी बंद कर दी गई है।

वर्तमान में वर्ष 2004 से मार्च 2022 तक प्रत्येक कर्मचारी की लाखों रुपए की राशि केंद्र सरकार के एनपीएस फंड में जमा है। इस जमा राशि का उपयोग कार्मिकों को पेंशन देने के लिए इस्तेमाल किया जाना था, जो अब पुरानी पेंशन योजना लागू होने के कारण अर्थहीन हो गई है।

इस राशि को जमा रखने का उद्देश्य समाप्त हो गया है, क्योंकि राजस्थान सरकार ने अपने कार्मिकों को पुरानी पेंशन योजना के अंतर्गत पेंशन देने का निर्णय कर लिया है, इस परिपेक्ष में इस राशि को कर्मचारियों को लोटाया जाना चाहिए। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष भंवरसिंह राठौड़, जिला अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, जिला मंत्री चेतन प्रसाद, उषा शर्मा भिनाय, सुरेंद्रपालसिंह, भगवान सिंह गौड़, चौधरी, चंद्र शेखर शर्मा, सुरेंद्र सिंह राठौड़, भरत सिंह, चंद्र शेखर शर्मा, मनीषा घारू, प्रियंका सुमन, संत राम विश्नोई, लालाराम राजोतिया, मो.फारुख, नवीन कुमार आदि शामिल थे।

## एडीए ने भूखंडों की नीलामी से कमाए 9.73 करोड़

**अजमेर, (कासं)।** एडीए ने 23 व 24 जनवरी तक दो दिनों में 32 भूखण्डों की नीलामी से 9.73 करोड़ रूपए कमाए है। एडीए आयुक्त अक्षय गोदारा ने बताया कि गणेश गुवाडी आवासीय योजना के 7, अर्जुनलाल सेठी नगर आवासीय योजना के एक, जनाना हॉस्पिटल के पास व्यावसायिक योजना के 4, अर्जुनलाल सेठी नगर आवासीय मय व्यावसायिक योजना के 13 एवं कोटडा आवासीय योजना के 7 भूखण्ड ई-नीलामी द्वारा विक्रय किए गए। नीलामी के अन्तिम दिन कोटड़ा आवासीय योजना, बी.के. कौल नगर, पंचशील नगर, हरिभाऊ उपाध्याय नगर मुख्य आवासीय योजना, कोटडा आवासीय मय व्यावसायिक योजना, पृथ्वीराज नगर व्यावसायिक योजना, होकरा होटल एवं रिर्सोट योजना तथा पंचशील ग्रुप हाउसिंग योजना के 35 भूखण्डों की नीलामी की जाएगी।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं का सम्मान

**आसीन्द, (निसं)।** भारत विकास परिषद शाखा आसीन्द द्वारा मंगलवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कृष्णा पब्लिक स्कूल की बालिकाओं का तिलक, अपर्णा एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

आए हुए अतिथियों का संस्था प्रधान आनंद सिंह जी रावत ने तिलक एवं अपर्णा ओढ़ाकर स्वागत किया। परिषद के संरक्षक गोपाल सिंह चुंडावत ने बालिका दिवस के बारे में बच्चों को जानकारी दी एवं बालिका दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी। अध्यक्ष ज्ञानचन्द हरवानी ने सभी बालिकाओं को बालिका दिवस की शुभकामनाएं दी। कृष्णा पब्लिक स्कूल के मनोहर सिंह चुंडावत ने आये हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया एवं बालिका दिवस की शुभकामनाये दी। मंच संचालन शांता जैन ने किया। कार्यक्रम में संरक्षक गोपाल सिंह चुंडावत, अध्यक्ष ज्ञानचंद हरवानी, सचिव मनोहर सिंह चुंडावत, संस्था प्रधान आनंद सिंह रावत, कृष्णा कंवर, आशा सैनी, रविंद्र सिंह, घनश्याम वैष्णव, राकेश जीनगर, कोमल हरवानी, हिमांशी सिंह एवं परिषद के सदस्य मौजूद रहे।



राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं का मोमेंटो देकर सम्मान किया।

## मतदान कर हम जिम्मेदार सरकार चुन सकते है : कलेक्टर

**अजमेर, (कासं)।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन कर मतदान की शपथ दिलाई गई। जिला कलेक्टर अंश दीप ने मंगलवार को मतदाता फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ सूचना केन्द्र में किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी अंश दीप ने बताया कि 13 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 25 जनवरी को विभिन्न स्तरों पर आयोग की थीम मतदान जैसा कुछ नहीं, मतदान जरूर करेंगे हम का व्यापक प्रसार कर समारोहपूर्वक मनाया गया। मंगलवार को सूचना केन्द्र पर फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। इसका आम नागरिकों एवं विद्यार्थियों द्वारा अवलोकन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली कलेक्ट्रेट से सूचना केन्द्र तक निकाली गई। इसको जिला कलैक्टर अंश दीप ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।



जिला कलैक्टर अंश दीप ने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

यह रैली अम्बेडकर सर्किल होते हुए सूचना केन्द्र पहुंची। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि 13 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर सूचना केंद्र में प्रदर्शनी का शुभारंभ जिला कलक्टर अंश दीप द्वारा किया गया। मतदाता जागरूकता क्विज आयोजित की गई। विद्यार्थियों को मौके पर ही पुरस्कार वितरीत किए गए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि मतदान हर

■ मतदाता जागरूकता रैली निकाल मतदान की शपथ दिलाई

नागरिक का अधिकार है। इसका प्रयोग कर हम जिम्मेदार एवं उत्तरदाई सरकार चुन सकते है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लोकतंत्र से बेहतर सरकार का कोई दूसरा रूप नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों को मतदान की शपथ दिलवाई।

इस अवसर पर प्रशिक्षु आरएएस अमृता मान, तहसीलदार प्रीति चौहान, समाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक प्रफुल्ल चन्द्र चौबीसा, अतिरिक्त निदेशक अभिषेक गुप्ता, दर्शना शर्मा, वर्तिका शर्मा एवं अन्य विभागीय अधिकारी तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।


### खोया पाया

सर्व साधारण को सूचित किया है कि श्री माहेश्वरी पंचायत बोर्ड (रजि.) ब्यावर के मूल विधान की मूल प्रति कहीं गिरकर खो गई है। जिसकी एफआईआर संख्या 1702280 / 2023 है जो की 23 जनवरी 2023 को दर्ज़ करवा दी गई थी। किसी भी सज्जन को मिलने पर कृपया हमारे पाली बाज़ार स्थित कार्यालय में पहुँचाने का कष्ट करें अथवा सम्पर्क करें।

अध्यक्ष- विष्णु गोपाल हेड़ा,मोबाईल नंबर 9460527838

### आम सूचना

मेरा भानजा हेमेन्द्र पुत्र प्रभु लाल जाति नायक निवासी अरांई की मृत्यु दिनाँक 18/03/2009 को मेरे निवास स्थान अरांई में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत अरांई में नहीं करवाया था। अब मैं मेरे भानजा हेमेन्द्र सिंह का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपति हो तो 7 दिवस में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपति प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद कोई भी आपति स्वीकार नहीं होगी।

प्रार्थी- रामगोपाल पुत्र भंवरलाल जाति नायक निवासी अरांई तहसील अरांई (अजमेर)

### आम सूचना

मेरी नानी मकदु देवी पत्नी धूकल जाति बागरिया निवासी अरांई की मृत्यु दिनाँक 08/04/2019 को मेरे निवास स्थान अरांई में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत अरांई में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी नानी मकदु देवी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपति हो तो 7 दिवस में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपति प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद कोई भी आपति स्वीकार नहीं होगी।

प्रार्थी- शंकर पुत्र किशन जाति बागरिया निवासी अरांई तहसील अरांई (अजमेर)

### आम सूचना

मेरी बहन अमरी पत्नी बिरदा जाति जाट निवासी मोतीपुरा की मृत्यु दिनाँक 08/05/1999 को मेरे निवास स्थान मोतीपुरा में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत कालावाडा में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी बहन अमरी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए तहसील कार्यालय अरांई में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपति हो तो 7 दिवस में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपति प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद कोई भी आपति स्वीकार नहीं होगी।

प्रार्थी- कालू पुत्र हीरा जाति जाट निवासी खेडा नोन्दपुरा तहसील अरांई (अजमेर)

### अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

अविप्रा

लोक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रदीप कुमार शर्मा पुत्र श्री राम जी लाल शर्मा निवासी-118 ऊपरी गली हनुमानपुरा तहसील राजाखेड़ा जिला धोलपुर हाल निवासी अजमेर के 222.33 वर्गगज के भूखण्ड की पत्रावली नियमन हेतु ग्राम थोक मालियान तृतीय के खसरा नम्बर 7759 में प्रक्रियाधीन है। उक्त भूखण्ड की भूमि आवेदक ने श्रीमती तृप्ती झा पत्नी श्री विनय शर्मा ने विक्रय पत्र दिनांक 23.04.2010 से खरीद की थी। उक्त भूखण्ड में आवेदक द्वारा मकान निर्मित कर निवास किया जा रहा है। राज्य सरकार के परिपत्र दिनांक 28.07.2022 के अनुसार दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अत: किसी भी हितबद्धधारी को इस नियमन के संबंध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा नियमन की कार्यवाही कर दी जायेगी।

उपायुक्त दक्षिण अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

### कार्यालय नगर निगम, अजमेर

न.नि.अ./22-23/एम.बी.2485 दिनांक: 24-1-23

आपति सूचना

श्री जितेन्द्र चेलारामानी पुत्र श्री वाशदेव चेलारामानी निवासी 75 हरिभाउ उपाध्याय नगर मुख्य कोटड़ा अजमेर एवं श्री इन्दर पारवानी पुत्र श्री हरीश पारवानी निवासी 24 अभियन्ता नगर चौरसियावास रोड वैशाली नगर अजमेर द्वारा एक सम्पति भूखण्ड/सम्पति जिसका ए.एम.सी. नं. 234/4 = 21/9 22/15 नया नं. 69/18 अंकित है जो वाकै मिट्ठनलाल का चौक पुरानी मंडी अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 209.10 व.मी. है भूमि के आवासीय से व्यावसायिक वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार है।

पूर्व - श्री अनिल कुमार अग्रवाल की सम्पत्ति पश्चिम - पैसेज/गली आम

उत्तर - श्री अनिल कुमार अग्रवाल की सम्पत्ति दक्षिण - रास्ता आम

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

### कार्यालय नगर निगम, अजमेर

न.नि.अ./22-23/एम.बी.2477 दिनांक: 23-01-2023

आपति सूचना

श्री राम भाउ पुत्र श्री गोविन्द राव निवासी गुरूनानक स्कूल रोड स्वपनिक जनरल स्टोर के पास गोविन्द पुरम जी ब्लॉक अजमेर द्वारा एक भूखण्ड/सम्पति संख्या 45 का भाग डी जो खसरा नम्बर 2321 का एक भाग है जो वाकै माकड़वाली गॉव रोड थोक तेलियान अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 83.64 व.मी. है भूमि के आवासीय से व्यावसायिक वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार है।

पूर्व - 30 फुट चौड़ा रोड गोमा का हट्टा पश्चिम - अन्य भूखण्ड

उत्तर - भूखण्ड संख्या ई दक्षिण - भूखण्ड संख्या सी

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

### कार्यालय नगर निगम, अजमेर

न.नि.अ./22-23/एम.बी.2482 दिनांक: 23-01-2023

आपति सूचना

श्रीमती रश्मि चौधरी पत्नी श्री सुबे सिंह चौधरी निवासी छोटा सिलावट मौहल्ला अजमेर द्वारा एक सम्पति भूखण्ड/सम्पति संख्या 03 जो सम्पति ए.एम.सी. नं. 299बी/45 का एक भाग है जो खसरा नं. 1263 का भाग है जो वाकै थोक तेलियान पंचौली चौराहा पुष्कर रोड, अजमेर में स्थित हे जिसका कुल क्षेत्रफल 43.10 व.मी. है भूमि के आवासीय से व्यावसायिक वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार है।

पूर्व - रास्ता आम पुष्कर रोड पश्चिम - प्राईवेट सम्पत्ति

उत्तर - शेष भाग भूखण्ड संख्या 04 दक्षिण - शेष भाग भूखण्ड संख्या 02

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

### कार्यालय नगर परिषद कुचामन सिटी (नागौर)

राष्ट्रदूत के दिनांक 29/12/2022 में प्रकाशित नगर परिषद कुचामन के विज्ञापन में त्रुटिवश निम्न आवेदनकर्ता का नाम प्रकाशित होने से रह गया था, जिसे अब प्रकाशित किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्न है।

| क्र सं. | पत्रावली सं. | आवेदक का नाम/पिता का नाम व पता | क्षैत्रफल | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 263/22-23 निर्माण ईजाजत | श्री सुरेन्द्रसिंह पुत्र किशोरसिंह, श्री हमीरसिंह पुत्र लादूसिंह, स्टेशन रोड़, पनवाड़ी | 7254.48 वर्गमीटर | खसरा नं. 336/294 की भूमि | आम रास्ता | स्वयं की भूमि | मेगा हाई वे रोड |

आयुक्त नगरपरिषद कुचामन सिटी

### कार्यालय नगरपलिका बिजयनगर जिला अजमेर राज.

गांधी-उद्यान-ब्यावर रोड़, बिजयनगर

टेलीफोन नम्बर-01462-230051 ई-मेल:-npvijavngar@gmail.com

क्रमांक: न.पा.बि./भूमि/2022/8058 दिनांक 24/1/23

आम सूचना

श्री राहुल दत्तक पुत्र श्री शिवराज बाबेल निवासी, बिजयनगर द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सत्यम् कॉम्प्लेक्स में का प्लाट नम्बर 26 जिसका नाप 10X20 है, जिसका पालिका द्वारा क्रमांक 1167 दिनांक 18.05.2021 द्वारा विरासत नामान्तरण प्रमाण पत्र जारी किया गया है । आवेदक द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत उक्त भूखण्ड को विक्रय करने हेतु पालिका से विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र चाहा गया है। उक्त सम्बन्ध में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजो/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें। समयावधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

### कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन उत्तर अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

क्रमांक:LU2012/ADA/2022-23/100819 दिनांक 24/01/2023

लोक सूचना

श्री JAI VARDHAN SINGH पुत्र श्री RAJENDRA SINGH जाति RAJPUT निवासी 10 HH FLATS TILAK NAGAR ASHOK MARG JAIPUR श्री PRADHUMAN SINGH RATHOR पुत्र श्री RAJENDRA SINGH जाति RAJPUT निवासी 10 HH FLATS TILAK NAGAR ASHOK MARG JAIPUR श्री PRAVEENCHAND JAIN पुत्र श्री KAPOORCHAND JAIN जाति JAIN निवासी 348/10, GALI NO.3, SUNDAR VILAS, AJMER ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्गमीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गगवाना, अजमेर (अजमेर) | SHRI ARIHANT DEVELOVERS AJMER | 3347/2080, 3348/2080 3349/2080 | 84900 | 8.49 |
| | | | | कुल | 8.49 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकान पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते हैं। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 30/08/2022 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी, जोन पुष्कर अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

### कार्यालय नगरपलिका बिजयनगर जिला अजमेर राज.

गांधी-उद्यान-ब्यावर रोड़, बिजयनगर

टेलीफोन नम्बर-01462-230051 ई-मेल:-npvijavngar@gmail.com

क्रमांक: न.पा.बि./भूमि/2022/8050 दिनांक 24/1/23

आपत्ति आमन्त्रित सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदक ने कृषि भूमि पर बसी निम्न कोलोनियों में कृषि भूमि नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेंगें। अत: इन भूखण्डों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजो/ प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र.सं. | पत्रावली नं | आवेदक का नाम | योजना/ग्राम का नाम | खसरा सं. | भू.सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 3826 | पारसी देवी/ कानसिंह दरोगा | सुजान कॉलोनी बिजयनगर | 238/2 | - | 116.14 वर्गमीटर |
| 2. | 3827 | शकुरन/ फकीर मोहम्मद | चौसला बिजयनगर | 4114, 4115, 4117 | 11 | 111.11 वर्गगज |
| 3. | 3828 | जागीर उर्फ जाखीर/ छोटू खां | चौसला बिजयनगर | 4114, 4115, 4117 | 20 | 88.88 वर्गगज |
| 4. | 3829 | मंगतु खां उर्फ मुबारिक खान/रेम्मुदीन | चौसला बिजयनगर | पुराना-215 नया-4104-4108 | 04 | 133.33 वर्गगज |
| 5. | 3830 | मुबारिक खान/ रेम्मुदीन | चौसला बिजयनगर | 4114 | 09 | 82.66 वर्गगज |
| 6. | 3831 | असलम खान/ मुबारिक खान | चौसला बिजयनगर | 4114 | 08 का दक्षिणी हिस्सा | 71.16 वर्गगज |
| 7. | 3832 | बिलाल खान/ मुबारिक खान | चौसला बिजयनगर | 4114 | 08 उत्तरी हिस्सा | 76.44 वर्गगज |
| 8. | 3833 | अकरम खान/ मुबारिक खान | चौसला बिजयनगर | 4114 | 10 | 82.66 वर्गगज |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर




# मात्र चार साल में पेपर लीक की 16-17 घटनाएं, आखिर दोषी कौन है?

## विधानसभा में विपक्षी दलों के और सदन के बाहर अपनों के निशाने पर गहलोत सरकार

- मुख्यमंत्री गहलोत द्वारा पेपर लीक मामले में सरकारी अधिकारियों व मंत्रियों को क्लीन चिट देने का हर ओर से भारी विरोध हो रहा है।
- पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट कह ही चुके हैं कि, जब कोई दोषी नहीं तो पेपर तिजोरी से बाहर कैसे आए। कांग्रेस के ही हरीश चौधरी ने भी कह दिया है कि, इन मामलों की सी.बी.आई. जांच कराई जाए।
- भाजपा के राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने सरकार के सामने कई सबूत रख दिए और अब वे सड़कों पर भी उतर आए हैं।
- पेपर लीक के कारण परीक्षाएं रद्द होने से युवा वर्ग में भारी नाराजगी है, जो चुनावी वर्ष में कांग्रेस को भारी पड़ सकती है।

जयपुर, 24 जनवरी (का.प्र.)। राजस्थान में पेपर लीक और नकल के प्रकरण को लेकर सरकार पूरी तरह से घिर गई है। विधानसभा में भाजपा और आरएलपी सदस्यों ने बजट सत्र शुरू होने के साथ ही सरकार की नाक में दम कर दिया है। वहीं सड़क पर भाजपा के राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने सरकार के खिलाफ ताल ठोक दी है। ऐसे में चुनावी वर्ष में सरकार के लिए पेपर लीक कांड से बाहर निकलना सबसे मुश्किल काम हो गया है। पिछले दिनों सरकार के चिंतन शिविर में मंत्रियों तक ने खुलकर कहा था कि पेपर लीक का मुद्दा सरकार के सारे कामों पर पानी फेर देगा।

दरअसल राजस्थान में पहली बार ऐसा हुआ है कि 4 साल के दौरान ही पेपर लीक की 16 से 17 घटनाएं सामने आई हैं। ना केवल युवाओं में भारी रोष है, बल्कि विपक्षी दलों को भी सरकार पर निशाना साधने का मौका मिल गया है। एक के बाद एक पेपर लीक होने और इस वजह से परीक्षाएं रद्द करने के बावजूद भी सरकार इन घटनाओं पर अंकुश नहीं लगा पा रही है, उलटे अधिकारियों को क्लीनचिट देने और विपक्ष को गलत ठहराने में जुटी हुई है।

खुद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कहते हैं कि पेपर लीक में कोई नेता और अधिकारी शामिल नहीं है। कांग्रेस के ही वरिष्ठ नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने इस पर आक्रामक तेवर अख्तियार करते हुए कहा, जब कोई नेता या अधिकारी शामिल नहीं है, तो पेपर तिजोरी से बाहर कैसे आए। बजट सत्र के दूसरे दिन कांग्रेस विधायक हरीश चौधरी, जो पहले से ही मुख्यमंत्री से कई मसलों पर नाराजगी जताते रहे हैं, उन्होंने भी कहा है कि राजस्थान में पेपर लीक और नकल के मामलों की जांच निष्पक्ष और स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए। यह कहकर एक तरह से उन्होंने राजस्थान की, जो एजेंसियां जांच कर रही है उन पर अविश्वास जता दिया है।

पेपर लीक और नकल के मामलों में अब तक भाजपा नेता और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आर.एल.पी.) नेता हनुमान बेनीवाल ही सरकार पर सवाल उठा रहे थे, लेकिन पिछले दिनों जब सचिन पायलट ने पेपर लीक की घटनाओं को लेकर सरकार पर सवाल उठाए, तो सरकार की मुश्किले बढ़ गईं।

दरअसल सरकार की समस्या यह है कि इस चुनावी वर्ष में बजट सत्र के बाद सरकार को चुनावी तैयारियों में उतरना है और इधर एक के बाद एक हुई 16 से 17 पेपर लीक घटनाएं होने के बाद युवाओं की सरकार से भारी नाराजगी है।

मुद्दा यह है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कह रहे हैं कि कोई भी अधिकारी और नेता पेपर लीक प्रकरण में शामिल नहीं है। ऐसे में यह सवाल पूछा जा रहा है कि जब कोई शामिल ही नहीं है तो रीट पेपर लीक मामले में डीपी जारोली को बर्खास्त क्यों किया गया और अगर दोषी होने के लिए बर्खास्त किया गया तो उन्हें कानूनी तौर पर गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया?

सदन में विपक्ष पेपर लीक कांड पर हंगामा कर रहा है और सी.बी.आई. जांच की मांग कर रहा है जिसे सरकार ने ठुकरा दिया है कि मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए। सरकार सदन में तो किसी भी तरह से विपक्ष को जवाब देकर चुप करा सकती है, लेकिन सदन के बाहर भाजपा के राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा एक के बाद एक सबूत सरकार के सामने रख रहे हैं और युवाओं को साथ लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। मंगलवार को उन्होंने दौसा से लेकर जयपुर तक पेपर लीक प्रकरण मामले को लेकर प्रदर्शन किया। जिसमें भारी भीड़ स्पष्ट है कि इस मसले को लेकर चुनावी वर्ष में ना तो भाजपा चुप्पी साधने वाली है और ना आरएलपी और अन्य दल। सरकार के बचाव में यह तर्क भी दिया जा रहा है कि केंद्र की परीक्षाओं और भाजपा सरकार के समय भी पेपर लीक हुए थे, लेकिन इससे यह सरकार पेपर लीक की 16-17 घटनाओं से पल्ला नहीं झाड़ सकती।

पिछले दिनों पेपर लीक प्रकरण के आरोपी के कोचिंग सेंटर और मकान पर सरकार ने भारी तोड़फोड़ की, लेकिन पेपर लीक के मुख्य आरोपियों को सरकार की नाक के नीचे से फरार हो जाना बड़े सवाल खड़े करता है। राज्य की जांच एजेंसिया अब तक इन आरोपियों तक पहुंचने में असफल रही हैं। इस सबके बाद भी सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है और कह रही है कि उन्होंने तीन लाख से ज्यादा नौकरियां दी हैं, इसलिए भाजपा को यह बात रास नहीं आ रही है।

दूसरी ओर एक के बाद एक युवा संगठनों की ओर से सड़कों पर किया जाने वाला प्रदर्शन बता रहा है कि सरकार की ओर से युवाओं से किए वादे आज भी अधूरे हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि युवाओं के निशाने पर आ चुकी राज्य सरकार किस तरह से अपना दामन बचाती है।

# 'पेपर लीक मामले में सी.एम. द्वारा अफसरों को क्लीन चिट देना गलत'

## पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस विधायक हरीश चौधरी ने मुख्यमंत्री गहलोत की कार्यशैली पर सवाल उठाए

- हरीश चौधरी ने कहा कि "पेपर लीक होना बहुत बड़ा विषय है। बिना जांच पूरी हुए किसी को भी क्लीन चिट नहीं देनी चाहिए।"

-विधानसभा संवाददाता-

जयपुर, 24 जनवरी। शिक्षक भर्ती पेपर लीक मामले में अधिकारियों को क्लीन चिट देने वाले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को कांग्रेस के ही पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक हरीश चौधरी ने गलत ठहराया है।

उन्होंने मुख्यमंत्री की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए साफ कहा कि जांच पूरी हुए बिना ही अधिकारियों को क्लीन चिट देना गलत है। पेपर लीक होना बहुत बड़ा विषय है। किसी को भी क्लीन चिट नहीं देनी चाहिए, क्योंकि फिलहाल जांच जारी है।

हरीश चौधरी ने मंगलवार को सदन के भीतर भी विपक्ष द्वारा उठाई जा रही पेपरलीक की सीबीआई जांच की मांग का समर्थन भी किया। उन्होंने कहा कि पेपरलीक गंभीर मसला है, युवाओं के भविष्य का सवाल है। पेपरलीक काण्ड में कोई भी दोषी हो, चाहे सरकारी कर्मचारी, उद्योगपति, अधिकारी या सामान्य नागरिक। सरकार को उसकी पृष्ठभूमि को देखे बिना कार्रवाई करनी चाहिए। अभी पेपरलीक मुख्य मुद्दा है, लेकिन उस पर बहस ना होना ठीक नहीं है।

हमें विचार करना होगा कि परीक्षा पद्धति कैसे मजबूत बने, जिसमें पेपर लीक न हो। जिन लोगों ने पेपर आउट किया, उनमें भी सिर्फ चंद लोग हाथ लगे हैं, मुख्य आरोपी और उनके संरक्षकों को पकड़ने की जरूरत है।

## छात्र संगठन बी.बी.सी. की डॉक्युमैंटरी की पूरे केरल...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

स्क्रीनिंग की अनुमति नहीं देनी चाहिए। यह एक राष्ट्र विरोधी कदम है तथा मुख्यमंत्री को इस मामले में दखल देकर स्क्रीनिंग रोकनी चाहिए। स्क्रीनिंग का मतलब होगा विदेशी ताकतों को भारत की एकता और अखंडता पर हमला करने का मौका देना।

मुरलीधरन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट पहले उन आरोपों को खारिज कर चुका है जो डॉक्युमैन्ट्री में लगाए गए है। इन आरोपों का फिर से सार्वजनिक बहस में लाना सुप्रीम कोर्ट की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने जैसे यह नफरत को बढ़ावा देगा।" केन्द्रीय मंत्री ने राज्य सरकार से आग्रह किया कि तुरंत प्रभावी कदम उठाए जाएं।

केरल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के. सुरेन्द्रन ने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से हस्तक्षेप करने और स्क्रीनिंग की अनुमति नहीं देने को कहा। उन्होंने कहा कि यह कदम "राजद्रोह" के समान है और डॉक्युमैंट्री का प्रदर्शन देश की एकता व अखंडता को खतरे में डाल रहे विदेशी प्रयासों का बढ़ावा देना होगा। केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्रालय ने बी.बी.सी. "डॉक्युमैंट्री" "दुष्प्रचार" कह कर खारिज कर दिया और कहा कि बी.बी.सी. ने भारत में यह डॉक्युमैंट्री उपलब्ध नहीं करवाई थी, लेकिन यू-ट्यूब पर यह अवश्य कुछ समय के लिए उपलब्ध थी।

## 'हम चलते...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण मामलों की जांच की। कई बार उन्हें जांच के दौरान राजनीतिक हस्तक्षेप का सामना करना पड़ा, लेकिन निर्भिक राजेन्द्र शेखर अपने कार्य में किसी प्रकार का हस्तक्षेप नापंसद करते थे।

बोफोर्स मामला जब अपने परवान पर था, उस समय राजेन्द्र शेखर सी.बी.आई. के प्रमुख या डायरेक्टर थे। कांग्रेस सरकार के राज में राजीव गांधी पर बोफोर्स निर्माता से 64 करोड़ रू. की रिश्वत लेने का आरोप लगा था। कैबिनेट सैक्रेटरी विनोद पाण्डे, जो राजस्थान काडर के ही आई.ए.एस. थे ने एक उच्च पदस्थ बैठक बुलाई। रक्षा सचिव नरेश चन्द्र, जो राजस्थान काडर के ही आई.ए.एस. थे, और एक और सचिव पी. दण्डपाणी तथा भूरेलाल और राजेन्द्र शेखर के साथ गहन मंथन कर रहे थे।

इस बैठक में पूरे मामले को संदेहपूर्ण माना गया और बोफोर्स पर भारत सरकार से गैर वाबिज ढंग से धोखाधड़ी करने का आरोप लगा।

तब विश्वनाथ प्रताप सिंह प्रधानमंत्री थे और उन्होंने साफ-साफ कह दिया कि सरकार इस रिश्वतखोरी में जो कोई भी लिप्त रहा हो, वह चाहे कितना बड़ा भी क्यों न हो, को नहीं छोड़ेगी। इन सब घोषणाओं से कांग्रेस, जो विपक्ष में थी, हिल चुकी थी।

जब बोफोर्स काण्ड की जांच सी.बी.आई. ने शुरू ही की थी तब मोहन कातरे सी.बी.आई. के निदेशक थे। कातरे पर जनता दल की सरकार का भरोसा नहीं था। कातरे को हटाकर राजेन्द्र शेखर को निदेशक लगाया गया था।

बोफोर्स का विवाद लम्बा चला और कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। आरोप-प्रत्यारोपण के बीच ही समय निकल गया। वी.पी. सिंह ने जिस मजबूती से मामला उठाया उसे कोई दिशा या मंजिल नहीं दिखा सके। इस बीच उनकी सरकार गिर गई और चन्द्रशेखर के नेतृत्व में दिल्ली में नई सरकार बन गई। चन्द्रशेखर ने कुर्सी संभालते ही राजेन्द्र शेखर और एक वरिष्ठ आई.ए.एस. राजीव लोचन मिश्रा, जो राजस्थान से ही थे, को वापस राजस्थान भेजा। तब भैरोंसिंह शेखावत मुख्यमंत्री थे और वह भी इन दोनों अधिकारियों को वापस राज्य में ही लाना चाहते थे।

राजेन्द्र शेखर खुशी-खुशी सी.बी.आई. का पद छोड़ आए। राजीव लोचन भी वापस आ गए। राजेन्द्र शेखर सी.बी.आई. जैसे महत्वपूर्ण पद के निदेशक रह चुकने के बाद राजस्थान पुलिस के महानिदेशक बन गए। लेकिन उन्होंने कभी इसे पदावनति नहीं माना।

पूर्व जन संपर्क अधिकारी लक्ष्मण बोलिया, जो लम्बे समय पुलिस मुख्यालय में प्रतिनियुक्ति में रहे स्वर्गीय शेखर को याद करते हुए कहते हैं: शेखर साहब नवाचार पसंद करते थे। सन्1992 में उन्हीं की सोच के कारण राजस्थान पुलिस दिवस की शुरूआत हुई और तत्कालीन राज्यपाल डॉ. चेन्ना रेड्डी के हाथों पुलिस को सशस्त्र सेना की ही तरह ध्वज दिलाया गया। इससे पूर्व, 30 मार्च 1954 को प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने राजस्थान पुलिस को कलर (ध्वज) भेंट किया था।

शेखर साहब ने पुलिस का ध्येय वाक्य भी बदलकर "सेवार्थ कटिबद्धता" रखा और राजस्थान पुलिस पर एक फिल्म "सेवार्थ कटिबद्धता" बनवाई।

लक्ष्मण बोलिया बताते हैं कि, स्वर्गीय शेखर ने अपने जीवन संघर्ष पर, "नॉट ए लाइसेंस टु किल" डिजाइनिंग मोमेन्ट्स, अनकेज्ड पैरट, मेमोरीज़ आर मेड ऑफ दिस तथा हिन्दी में कल, आज और कल पुस्तकें लिखीं।

उन्होंने अपनी पुस्तक के अंतिम पृष्ठ पर "और जाते जाते" उप शीर्षक में प्रसिद्ध गायक और अभिनेता किशोर कुमार के गाये गीत "चलते-चलते" का जिक्र करते हुए अभिलाषा व्यक्त की थी कि, उनकी मृत्यु पसंदीदा कार्य स्थली पर ऐसे ही चलते-चलते हो जाए। उन्होंने महात्मा गांधी की बिड़ला हाउस में प्रार्थना करते हुए और पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. कलाम की इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में भाषण देते हुए मृत्यु का हवाला देते हुए लिखा, "वे दोनों महान आत्माएं थीं, लेकिन हमारे जैसे सामान्य प्राणियों के लिए अनुमानतः चुनिन्दा यही हो सकता है कि, हम चलते-चलते ही चल बसें।"

राजेन्द्र शेखर के निधन पर भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर. मेहता ने शोक व्यक्त किया है।

मेहता ने कहा कि, स्वर्गीय राजेन्द्र शेखर भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस.) की कार्यकारिणी के सदस्य थे और वह दिव्यांगों के पुनर्वास के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। मेहता ने कहा कि, कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में उनके सुझाव हमेशा अमूल्य होते थे। एक योग्य लेखक भी थे।

मेहता ने कहा कि, पुलिस में पूरी निष्ठा और ईमानदारी दिखाते हुए उन्होंने अपने पद की गरिमा के अनुरूप कार्य किया और इस कारण उन्हें आज भी याद किया जाता है। मेहता ने कहा कि, पुलिस सेवा ने एक निष्ठावान व्यक्ति खो दिया है, वे आदर्श पुरूष थे।

## दिल्ली के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

की नई तारीख तक के लिए सदन को स्थगित कर दिया। नगर निगम द्वारा प्रथम मेयर व डिप्टी मेयर के चुनाव का यह दूसरा प्रयास था। आम आदमी पार्टी (आप), जिसे चुनाव में बहुमत मिला था, ने शैली ओबरॉय तथा आले मोहम्मद इकबाल को क्रमशः मेयर तथा डिप्टी मेयर के पद के लिए अपने प्रत्याशी के रूप में उतारा था। भाजपा की तरफ से रेखा गुप्ता मेयर तथा कमल बागरी डिप्टी मेयर के पद के लिए मैदान में हैं। छः जनवरी को इसी तरह के हंगामे के कारण चुनाव स्थगित करना पड़ा था। मार्शल्स जब स्थिति को काबू करने में असफल रहे तो पीठासीन अधिकारी सत्य शर्मा ने चुनाव को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया।

एक वीडियो शेयर करते हुए, आप प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहाः "आज भाजपा डंडे लेकर नगर निगम पर कब्जा करने आई थी। क्या आपने किसी सदन में ऐसा देखा है?" उन्होंने कहा, "भाजपा तीनों नगर निगमों में सत्ता में थी, गत चुनावों में आप से हार गई थी, फिर भी वो अपनी हार स्वीकार करने को तैयार नहीं है।"

## राहुल गांधी ने सार्वजनिक मंच से दिग्विजय सिंह...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

"इसलिये, मेरा मानना है कि बातचीत या संवाद बहुत महत्वपूर्ण होता है। हर बातचीत में ऐसे भी लोग होते ही हैं, जो हास्यास्पद बात कह देते हैं तथा इस मामले में मुझे बड़ा दुख है कि मुझे एक वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के बारे में ऐसा कहना पड़ रहा है कि उन्होंने एक बेतुकी बात कही है।"

उन्होंने इस बात पर खुशी व्यक्त की कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता (आज़ाद) के साथ चले गये 90 प्रतिशत लोग कांग्रेस में वापस आ गये है तथा आज़ाद अकेले रह गये हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के उन पर किये गये प्रहार को लेकर राहुल ने कहा कि वे ऐसा नहीं मानते कि राजनाथ जी अपने निजी विचार व्यक्त कर रहे थे। "वे एक ऐसी पार्टी में हैं, जहाँ शीर्ष नेतृत्व उन्हें बताता है कि उन्हें क्या कहना है। मेरे ख्याल से, उनकी कोई पसंद-नापसंद नहीं है। उनका बयान उन आदेशों का परिणाम है, जो भाजपा का सर्वोच्च नेतृत्व उन्हें देता है।" राहुल, राजनाथ सिंह की इस टिप्पणी का जिक्र कर रहे थे कि भारत जोड़ो यात्रा का उद्देश्य नफरत फैलाना है तथा कांग्रेस विदेश में भी भारत को बदनाम कर रही है।

राहुल ने कहा कि उनकी यात्रा का लक्ष्य राष्ट्र को संगठित करना तथा द्वेष के उस माहौल को समाप्त करना है, जो भाजपा और आर.एस.एस. ने इस देश में तथा जम्मू-कश्मीर में भी फैलाया है। उन्होंने सवाल किया कि पूरे देश में गई यह यात्रा, जो देश की जनता को एक कर रही है तथा नजदीक ला रही है, भारत के हितों को नुकसान कैसे पहुँचा सकती है।

राहुल ने कहा, "मैं देख सकता हूँ कि राजनाथ सिंह जी की पार्टी द्वारा फैलाई जा रही नफरत और हिंसा देश को किस तरह नुकसान पहुँचा रही है। मैं देख सकता हूँ कि भारत को धर्मों में, जातियों में, लिंगों में बाँटना देश को किस तरह नुकसान पहुँचा रहा है। अगर आप विदेशों के सारे अखबारों पर नजर डालें तथा आपको इस काम के लिये कुछ समय देना ही चाहिये, तो आप पायेंगे कि वे सब यह प्रश्न कर रहे हैं कि भारत के परम्परागत मूल्यों को क्या हो गया है, भारत के भाईचारे को क्या हो गया है, मौजूदा सरकार के दौर में भारत की ताकत को क्या हो गया है। इस प्रकार (भारत की) बदनामी तो भाजपा और आर.एस.एस. की विचारधारा कर रही है।" उन्होंने कहा कि महँगाई आसमान छू रही है तथा बेरोजगारी बढ़ रही है क्योंकि देश का धन मुट्ठीभर लोगों के पास इकट्ठा हो गया है। उन्होंने माँग की कि जम्मू-कश्मीर को यथाशीघ्र राज्य का दर्जा दिया जाए तथा राज्य विधानसभा बहाल की जाये, जिससे जनता को एक प्रखर लोकतांत्रिक व्यवस्था पुनः प्राप्त हो सके।

## 'पॉक्सो के...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वह केस कब से पेंडिंग है।

एक साल से ज्यादा पुराने पॉक्सो के पेंडिंग केसों की फाइल पर येलो फ्लैग लगाना होगा और फाइल के राइट हैंड साइड येलो फ्लैग केस लिखना होगा। वहीं दो साल से ज्यादा पुराने पॉक्सो केस की फाइल पर ऑरेंज फ्लैग लगाना होगा और उसकी फाइल पर भी ऑरेंज फ्लैग केस लिखना होगा। जबकि तीन साल से ज्यादा पुराने पॉक्सो केसों में लाल फ्लैग लगाना होगा और फाइल पर रेड फ्लैग केस लिखा जाएगा। इसके अलावा पॉक्सो कोर्ट को पेंडिंग केस के पूरे विवरण के लिए एक रजिस्टर भी तैयार करने के लिए कहा है।

हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल चन्द्र प्रकाश श्रीमाली ने प्रदेश के सभी जिला व सेशन न्यायाधीश को कहा है कि, वे इस आदेश की जानकारी सभी पॉक्सो कोर्ट को दें। हाईकोर्ट प्रशासन ने कहा है कि जो केस ज्यादा समय से लंबित हैं, उनका निस्तारण जल्द करने पर ध्यान देना जरूरी है।

## दुर्गापुरा के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इसमें से करीब 71 हजार रुपए जमा कराए जा चुके हैं। इसके बावजूद भी स्कूल प्रशासन ने अवैध तरीके से इस राशि को पिछले सत्र की फीस में समायोजित कर लिया। छात्रा की ओर से प्रताड़ना की जानकारी मिलने पर याचिकाकर्ता के पिता उसके स्कूल गए, लेकिन प्रिंसिपल ने उनकी भी बेइज्जती की और रिकवरी एजेंट की तरह व्यवहार करते हुए उनका मोबाइल छीन लिया। वहीं प्रिंसिपल की शिकायत पर उन्हें एक दिन पुलिस अभिरक्षा में भी रहना पड़ा। याचिका में यह भी कहा गया कि उसने बाल आयोग और शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों में स्कूल प्रशासन की शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा स्कूल प्रशासन ने छात्रा को न तो प्री-बोर्ड परीक्षा में शामिल किया और ना ही उसे प्रायोगिक परीक्षा में शामिल कर रहे हैं। प्री-बोर्ड परीक्षा के 25 फीसदी अंकों को ग्रेडिंग देने में शामिल किया जाता है। अब उसे कक्षा में भी नहीं बैठने दिया जा रहा। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों व स्कूल प्रशासन को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

## रिजिजू ने भारी आपत्ति जताई सुप्रीम....

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पारित कर दिया था। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने 2015 में उक्त नैशनल जुडिशियल अपॉइन्टमैंट एक्ट रद्द कर दिया था।

इस पूरे मुद्दे ने उस समय एक नया आयाम ग्रहण कर लिया, जब उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुद्ध रूप से सरकार के वकील की भूमिका निभाते हुये, इस लड़ाई में कूद पड़े। और उन्होंने एक प्रकार से "भारतीय संविधान के मूलभूत ढाँचे" के उस सिद्धान्त पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया, जो देश के न्यायशास्त्र की मार्गदर्शक भावभूमि के रूप में काम करता आ रहा है।

रिजीजू ने आज कहा कि वे "उचित समय पर अपनी प्रतिक्रिया देंगे", लेकिन उन्होंने अपना दृष्टिकोण तो स्पष्ट कर ही दिया।

कानून मंत्री ने पत्रकारों को बताया, "रॉ तथा आई.बी. की गोपनीय तथा संवेदनशील रिपोर्टों को सार्वजनिक कर देना घोर चिन्ता का विषय है, जिस पर मैं उचित समय पर अपनी प्रतिक्रिया दूँगा। आज का दिन (इसके लिये) उचित समय नहीं है।"

रिजीजू ने कहा, अगर संबंधित अधिकारी जो किसी संवेदनशील स्थान पर वेश बदल कर देश के लिए काम कर रहा है तो अपनी रिपोर्ट को सार्वजनिक करने से पहले वह दो बार सोचेगा क्योंकि ऐसा करने के गंभीर नतीजे हो सकते है।

जब उनसे पूछा गया कि क्या वे चीफ जस्टिस से इस बारे में बात करेंगे तो उन्होंने कहा सी.जे.आई. से मेरी अक्सर मुलाकात होती रहती है। वे न्यायपालिका के प्रमुख है और ये सरकार व न्यायपालिका के बीच पुल का काम करते है। हमें साथ शामिल कर काम करना है। हम अलग-अलग काम नहीं कर सकते। यह एक विवादास्पद मसला जिस पर किसी और दिन बात करेंगे।

19 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने अपने उन पत्रों को सार्वजनिक कर दिया जिसमें तीन जजों की पदोन्नति पर सरकार की आपत्ति का विरोध किया गया था। इन तीन प्रत्याशियों में से एक वकील है जिसने अपने समलैंगिक होने की घोषणा की थी।

इस रहस्योद्घाटन से सुरक्षा संस्थापन में बेचैनी देखी गई क्योंकि यह परम्परा रही है कि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जिनकी नियुक्ति की जानी होती है उनकी पूरी जांच पड़ताल की जाती है और गुप्तचर एजेंसियां इस रिपोर्ट को गुप्त रखती हैं।

सूत्रों के अनुसार सुप्रीम कोर्ट ने यह अप्रत्याशित कदम उठाने से पहले चार दिन तक चर्चा की गई और इसके फायदे नुकसान को परखा था।

जजों की नियुक्ति पर सरकार और सुप्रीम कोर्ट के बीच कटु तकरार का यह नवीनतम चरण है।

सरकार जजों की नियुक्ति में महती भूमिका चाहती है जो कि वर्ष 1993 से ही सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम का विशेषाधिकार बन गया है। कोलीजियम सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठतम जजों का एक पैनल है।

सरकार का तर्क है कि व्यवस्थापिका सर्वोच्च है क्योंकि यह जनता की इच्छा का प्रतिनिधित्व करती है।

सरकार और सुप्रीम कोर्ट के बीच संविधान को लेकर भी विवाद चलता रहता है कि इसके किस भाग को संसद बदल सकती है या फिर जजों की नियुक्ति के सिस्टम के लिए क्या बदलाव कर सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि कोलीजियम सिस्टम देश का कानून है जिसका पूर्णतया पालन किया जाना चाहिए।

रिजीजू अक्सर जजों की नियुक्ति में पारदर्शिता नहीं होने की बात करती है। कल ही उन्होंने कहा था कि जजों को चुनाव लड़ने या जनता का सामना करने की जरूरत नहीं है। कानून मंत्री ने कल एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि, लोग आपको देख रहे है और जज कर रहे है। आपके फैसले, काम करने का तरीका, आप कैसे न्याय करते है लोग देख सकते है और राय बना सकते हैं।"

# लखनऊ में तीन मंजिला इमारत ढही, तीन लोगों की मौत

- राहत एवं बचाव कार्य जारी, मलबे में 30 से 40 लोगों की फंसे होने की आशंका।

लखनऊ, 24 जनवरी। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के वजीर हसन इलाके में एक तीन मंजिला इमारत जमींदोज हो गई। इस हादसे में अब तक तीन लोगों की मौत हो गयी है। मलबे के नीचे 30-40 लोगों के फंसे होने की आशंका है। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं। लखनऊ डी.एम. सूर्य पाल गंगवार ने मीडिया को जानकारी दी है कि 9 लोगों को रेस्क्यू कर अस्पताल भेजा गया है। एन.डी.आर.एफ., दमकल कर्मी मौके पर मौजूद हैं और बचाव कार्य जारी है।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश के लखनऊ में वजीर हसनगंज रोड पर एक रिहायशी इमारत गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई है। पुलिस मौके पर मौजूद है और बचाव कार्य जारी है। घटनास्थल पर पहुंचे पाठक ने कहा, इमारत अचानक ढह गई। 3 शव मिले हैं और उन्हें अस्पताल भेजा गया है। एन.डी.आर.एफ., दमकल कर्मी मौके पर मौजूद हैं, बचाव अभियान जारी है। उन्होंने जानकारी दी है कि 9 लोगों को रेस्क्यू कर अस्पताल भेजा गया है। वे बेहोश थे। रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। लोग कह रहे हैं कि बिल्डिंग में 30-35 परिवार रह रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिया संज्ञान एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना का संज्ञान लिया है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा मैसर्स अरावली प्रिन्टर्स, राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर (राजस्थान) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 65015/96, जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34 फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908